508(E)
21/01/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 21/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, समस्तीपुर के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Mohiuddinnagar (Baluahi) to Patasia via Dharampur and Chakla from Ch.-0.00 to 6.80 Km. for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–17.12.2025 को आहूत विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही जो विभागीय ज्ञापांक–8602(E) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–16(E)We दिनांक–01.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–24(अनु०) दिनांक–05.01.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Mohiuddinnagar (Baluahi) to Patasia via Dharampur and Chakla from Ch.-0.00 to 6.80 Km. for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, समस्तीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3236.52 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6418(एस०) दिनांक–18.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3240.36 लाख<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–489(अनु०) दिनांक–20.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹3081.75631 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 (Fifteen) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 10.10.2025 |



Scanned with CamScanner

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 02 (दो) निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited    (2) Sona Infacon Private Limited

4. विभागीय ज्ञापांक–8602(E) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में उक्त पुनर्निविदा में कुल दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Sona Infracon Private Limited को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार यथा M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited को SBD के ITB- Cl.- 3.3 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित कियागया। साथही तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरांत वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। वशर्त्ते विभागीय आदेश–141 सह–पठित ज्ञापांक–5355(S) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने का निदेश दिया गया।

5. विभागीय ज्ञापांक–8602(ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य का पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Sona Infracon Private Limited के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–24(अनु०) दिनांक–05.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई।

6. विभागीय निविदा समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा परिवाद दिया गया, जिसे विभागीय पत्रांक–16(E)We दिनांक–01.01.2026 द्वारा उपभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति से मंतव्य की माँग की गयी है।



Scanned with CamScanner

परिवाद की समीक्षा :–

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited.से प्राप्त परिवाद :–<br>(i) उपरोक्त विषयक एवं प्रासंगिक मामलें में कहना है कि वर्णित कार्य की यह पुनर्निविदा है जिसमें हमारे अलावे एक अन्य संवेदक Sona Infracon Private Limited द्वारा भी भाग लिया गया है।<br>यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्णित कार्य की निविदा में हमारे द्वारा दिनांक–10.10.2025 को NIT एवं Instruction to Bidders के सभी शर्तो को पूरा करते हुए भाग लिया था जिसमें हमारी तकनीकी निविदा को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के अनुशंसा के आलोक में बिना विचार किये ही SBD की कंडिका 3.3 के आलोक में असफल घोषित कर दिया गया जो किसी भी तरह से न्याय संगत नही है जबकि प्रथम निविदा में मैं सफल घोषित किया गया था और Sona Infracon Private Limited की तकनीकी निविदा को साक्ष्य छुपाकर निविदा में भाग लेने के आरोप में असफल घोषित कर दिया लेकिन बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 की कंडिका–11 के आलोक में कोई कारवाई नहीं की गयी।<br>वर्णित निविदा निर्णय दिनांक–17.12.2025 (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड दिनांक–23.12.2025) के अवलोकन से स्पष्ट है कि हमारी तकनीकी निविदा को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा यह कहते हुए विचार नहीं किया कि हमारी कंपनी को ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक–10963 दिनांक–17.10.2025 द्वारा दो वर्षो द्वारा कालीकृत (Blacklist) किया गया था। | M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited. को ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक–10963 दिनांक– 17.10.2025 के द्वारा दो वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया। परिवाद अवधि में इन्होंने अपना पक्ष रखते हुए बताया है कि निविदा की तिथि (10.10.2025) को ये किसी विभाग/निगम/बोर्ड में कालीकृत नहीं थे। विभागीय पत्रांक–533(S) दिनांक–23.01.2013 द्वारा प्रावधानित है कि "निविदा प्राप्ति के उपरांत एवं निविदा निष्पादन की प्रक्रिया के दौरान यदि संवेदक का ऐसा कृत्य संज्ञान में आता है जिसके कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका–11(क) के तहत् उनपर आपराधिक मामला बन जाता है अथवा उनका निबंधन कालीकृत/निलंबित हो जाता है तो ऐसी स्थिति में भी उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। "उक्त के आलोक में परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।<br>Sona Infracon Pvt. Ltd. के विरूद्ध दिये गये परिवाद के समीक्षोपरांत पाया गया कि Sona Infracon Pvt. Ltd. को निविदित कार्य की प्रथम निविदा एवं वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर अन्तर्गत लालगंज (रेपुरा)–सराय पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की निविदा में उत्तर उपभाग अन्तर्गत इन्हे आवंटित तीन कार्यों (i) पथ प्रमण्डल, दरभंगा के अन्तर्गत Widening & Strengthening work of Ashok Paper Mill to Bideshwarasthan Road (NH- |



Scanned with CamScanner

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्णित कार्य के लिए हमने दिनांक–10.10.2025 को निविदा में भाग लिया था जिसके पश्चात दिनांक–17.10.2025 को हमारी कंपनी को दो वर्षो के लिए कालीकृत किया गया था जिसके उपरांत अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आदेश दिनांक–21.11.2025 के आलोक में वर्णित कालीकरण के आदेश को रद्द कर इसके मात्र तीन माह के लिए सीमित कर दिया गया।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि निविदा की तिथी को हमारी कंपनी किसी भी विभाग/ निगम/ बोर्ड में कालीकृत नहीं थी अर्थात यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि निविदा की तिथि के बाद का कालीकरण का आदेश उक्त निविदा पर लागू नहीं माना जाना चाहिए। जब हमने Instruction to Bidders की कंडिका 3.3 का अवलोकन किया तो पाया कि इसमें इस तरह का कोई शर्त नहीं है:–Bidders shall not be under a declaration of ineligibility for delay, failure or Corrupt and fraudulent practices by any of the State Govt. or Central Govt. or Public Undertaking or any Autonomous Body.

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि Instruction to Bidders की कंडिका 3.3 के आलोक में निविदा में भाग लेने के समय निविदादाताओं को किसी Corrupt and fraudulent practices के आलोक में संलिप्त नहीं होना चाहिए। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि हमारी कंपनी निविदा की तिथि 10.10.2025 तक किसी भी विभाग द्वारा कालीकृत या डिबार नही थी इस आशय का हमारे द्वारा शपथपत्र भी दिया गया है अर्थात हमारे कहने का तात्पर्य यह है कि हमारी निविदा में वर्णित कंडिका 3.3 लागू नहीं होता है अर्थात विभागीय निविदा समिति द्वारा लिया गया

57) via Fekla, Chikni from CH. 0+000 kn. to CH. 11+335 km (Total Length- 11.335 Km) under RCD, Road Division, Darbhanga for the year 2023-24 (ii) पथ प्रमण्डल, दरभंगा के अन्तर्गत Construction of Baheri Bypass Road from (Km 0.00 To 4.90) under RCD, Road Division Darbhanga for the year 2024-25 एवं (iii) पथ प्रमण्डल, बेनीपुर के अन्तर्गत Balance Work of Widening and Strengthening of Rosera–Mabidhala-Sarhachiya–Mangalgardh–Kale-Rajghat-Satighat Road in Km. 22.520 to 30.920 (Total Length-8.40 Km.) for the year 2024–25 को Existing Commitment में नहीं दर्शानें एवं विभाग पर किये गये Court Cases को Litigation History में नहीं दर्शाने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था। प्रस्तुत निविदा में इनके द्वारा Existing Commitment एवं Litigation History को निविदा में दर्शाया गया है। वर्त्तमान में इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली' 2007 के तहत् कोई कार्रवाई की सूचना नहीं है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।



Scanned with CamScanner

निर्णय सही नहीं माना जा सकता है।

इसके अलावे हमें कहना है कि वर्णित कार्य की निविदा में एकल संवेदक Sona Infracon Private Limited की तकनीकी निविदा को सफल घोषित किया गया है जबकि वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि ये Corrupt and Fraudulent Practices में संलग्न थे इसके बावजूद भी उनकी तकनीकी बीड को खोलकर निविदा निष्पादन का निर्णय लिया गया है। इस मामले में हमें आपका ध्यान इस कार्य की प्रथम निविदा की ओर दिलाना चाहता हूँ जिसमें हमारे आलावे वर्णित संवेदक Sona Infracon Private Limited द्वारा भाग लिया गया था जिसमें इनके द्वारा तथ्य को छुपाकर निविदा में भाग लेने के आलोक में इनकी तकनीकी निविदा के असफल घोषित करने के पश्चात चूँकि हमारी निविदा एकल हो गयी थी जिसे बिहार लोक निर्माण संहिता की नियम 163 के आलोक में पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया। प्रथम निविदा में Sona Infracon Private Limited द्वारा Litigation History & Existing Commitment Ongoing Work को छुपाकर निविदा में भाग लिया गया था लेकिन आज तक आपके विभाग द्वारा इनके विरूद्ध कालीकरण करने संबंधित कोई कार्रवाई नहीं कि गयी जबकि इनके द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी निविदा में संलग्न किया गया था कि अगर इनके द्वारा निविदा में संलग्न कागजात गलत पाया जाता है तो विभाग इन पर कालीकृत करने संबंधित या नियमानुसार कार्रवाई कर सकती है लेकिन इनके विरूद्ध हमारी जानकारी में कोई कार्रवाई नहीं कि गयी है और पुनर्निविदा में इन्हे सफल घोषित कर दिया गया। इसके आलावे हमें कहना है कि वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर अन्तर्गत Sona Infracon Private Limited द्वारा लाल गंज (रेपुरा) सराय पथ का चौड़ीकरण



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | एवं मजबूतीकरण कार्य की निविदा में भी इनके द्वारा गलत सूचना अंकित कर भाग लिया गया था जिसे दिनांक– 08.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में इनकी तकनीकी निविदा को असफल घोषित किया गया था यहाँ यह कहने की आवश्यकता नहीं रह जाती है कि Sona Infracon Private Limited की तकनीकी निविदा Instruction to Bidders की कंडिका 3.3 के आलोक में सफल घोषित करने योग्य नहीं है। | |
| | (ii) इसके आलावे हमें यह भी कहना है कि वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर अन्तर्गत Sona Infracon Private Limited द्वारा दिनांक– 11.09.2025 को Widening & Strengthening Work of Goroul-Sondho-Mathnamal Road (Total Length 12.66 KM) for the Year 2025-26 में भाग लिया गया है जिसमे इन्होंने अपना टर्नओवर 6302.98 दर्शाया है जबकि इसी कार्य की प्रथम निविदा में जिसमें इनके द्वारा दिनांक– 30.08.2025 को भाग लिया था, में अपना टर्नओवर 6807.21 दर्शाया है जो किसी भी प्रकार से नहीं हो सकता है क्योंकि मात्र 11 दिनों में किसी भी संवेदक के टर्नओवर में कमी नहीं हो सकती है। इस मामले में हमे कहना है कि इनसे फार्म 26AS माँगकर उसके सत्यापन के बाद ही निविदा का निस्तार किया जाय। इसके आलावे हमें यह भी कहना है कि हमारी जानकारी में इनके द्वारा दर्शाया गया 6302.98 लाख एवं 6807.21 लाख का टर्नओवर पूरी तरह से गलत है क्योंकि किसी भी वित्तीय वर्ष में इनका इतना टर्नओवर सरकार सिविल कार्य में नहीं है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में भी सरकारी सिविल कार्य में दिखाया गया टर्नओवर गलत है इसकी जाँच 26AS अथवा भुगतान प्रमाण | वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर के अन्तर्गत गोरौल–सोन्हो–मथनामल पथ की निविदा दिनांक–11.09.2025 को प्रथम बार प्राप्त की गई थी। इसके पूर्व दिनांक–30.08.2025 को इसकी निविदा में Sona Infracon Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिये जाने संबंधित परिवाद गलत एवं अमान्य है। इनका UDIN सत्यापित अधिकतम ATO वर्ष 2024–25 का 6302.98 लाख है। जिसे SBD के ITB Cl.- 4.5 A (a) के आलोक में Escalate करने पर इनका ATO ₹6807.21 लाख होता है, जो वांछित अहर्त्ता ₹1540.87816 लाख से अधिक है। |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | पत्र से भी की जा सकती है। | |
| | (iii) हमें यह भी जानकारी मिली है कि Sona Infracon Private Limited द्वारा दलसिंहसराय कार्य प्रमंडल में पैकेज संख्या BR-30P3R16 से संबंधित कार्य का एकरारनामा संख्या 25/SBD/2023-24 दिनांक–21.03.2024 है तथा एकरारित राशि 42,41,12,486/– है लेकिन इन्होने अन्य कई निविदाओं में वर्णित तथ्य को छुपाकर निविदा में भाग लिया है अतः हमारे कहने का तात्पर्य यह है कि अगर इन्होने वर्णित पैकेज से संबंधित कार्य का जिक्र Existing Commitment Ongoing Work में किया है तो कृप्या उक्त पैकेज के एकरारनामा संख्या, दिनांक एवं एकरारित राशि का भी मिलान करने के पश्चात ही इनकी निविदा पर अंतिम निर्णय लिया जाय।<br>अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि वर्णित निविदा का निस्तार हमारे द्वारा उठाये गये आपत्तियों पर विचारोपरांत ही करने की कृपा की जाय। | Sona Infracon Pvt. Ltd. द्वारा इस निविदा में दलसिंहसराय कार्य प्रमंडल अन्तर्गत पैकेज सं0–BR30P3R16 का कार्य Existing Commitment में दर्शाया गया है तथा इससे संबंधित कार्यपालक अभियंता, RWD, कार्य प्रमंडल, दलसिंहसराय का प्रमाण–पत्र भी निविदा में Upload किया गया है। Sona Infracon Pvt. Ltd. का Bid Capacity 10997.51 लाख है, जो वांछित अहर्त्ता 3081.75631 लाख से अधिक है।अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

Sona Infracon Pvt. Ltd. के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/261, दिनांक–08.12.2025 द्वारा निविदा में कोई परिवाद नहीं दिया गया है, अपितु इनके द्वारा मुख्यालय को समर्पित तकनीकी बीड के शीघ्र निष्पादन हेतु अभ्यावेदन दिया गया है।

**7.** **निष्कर्षः–** तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य करते हुए विभागीय ज्ञापांक–8602 दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा लिये गये निर्णय को यथावत् रखने हेतु अनुशंसा की जाती है।

निर्ग॰ शाखा
21/01/26

8. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

8.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–24(अनु०) दिनांक–05.01.2026 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Maruti Harshraj Construction Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 के द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Sona Infracon Private Limited के विरूद्ध दिए गए परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) विभागीय ज्ञापांक–8602(ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21/01/26<br>(मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 21/01/26<br>(अनिल कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 21/01/26<br>(उमाकान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–192/2025 508(E) पटना, दिनांक 21/01/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/01/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।



Scanned with CamScanner